दिन– गुरुवार

दिनांक– 12/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार के कारगर प्रयासों से भारत में एलपीजी उत्पादन पच्चीस प्रतिशत बढ़ा।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज पूर्णिया और कटिहार जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

03. राज्य सरकार ने अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्य किया।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल और किशनगंज समेत आस–पास के जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना।

————————————————————————

देश में रसोई गैस यानी एलपीजी के घरेलू उत्पादन में लगभग पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बढ़ाने के लिए उठाए गए कई कदमों के बाद हुई है। नई दिल्ली में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि आठ मार्च दो हजार छब्बीस को सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल परिसरों को प्रोपेन, ब्यूटेन, प्रोपिलीन और ब्यूटीन्स जैसी गैसों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इधर, श्रीमती शर्मा ने स्पष्ट किया कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराहट में सिलेंडर बुक करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि देश में एलपीजी का सामान्य आपूर्ति चक्र पूरी तरह सुरक्षित है और बुकिंग के बाद औसतन दो से तीन दिन के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है।

————————————————————————

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर देश भर में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने की सलाह दी गई। इधर, प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी करने वाली विभिन्न एजेंसियों ओर वेंडरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पटना प्रमंडलीय आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने संबंधित जिलाधिकारियों

को एलपीजी की मॉनिटरिंग करने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड– बीपीसीएल ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि सरकार एलपीजी आयात को सुचारू और निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में, बीपीसीएल ने कहा कि मौजूदा भू–राजनीतिक स्थिति और एलपीजी आयात को प्रभावित करने वाली नाकेबंदी के कारण एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। ऐसे में उपलब्ध आपूर्ति को नियंत्रित तरीके से वितरित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके। बीपीसीएल ने यह भी बताया कि एलपीजी सिलेंडरों के आवंटन में घरेलू उपभोक्ताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज पूर्णिया और कटिहार जिलों का दौरा करेंगे। हमारे पूर्णिया संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरान चार सौ पचासी करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———साउंड बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा को लेकर पूर्णिया जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्यारह बाजे पूर्णियाँ के भोलापासवान शास्त्री कृषि कॉलेज पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पशुपालन कार्यालय पहुंच कर विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और अवलोकन करेंगे। इसके बाद वे इंदिरा गाँधी स्टेडियम में जनसंवाद भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री का जिले में चार सौ तैंतालीस विकास योजनाओं का उद्‌घाटन, शिलान्यास और जनसंवाद का कार्यक्रम है।

———साउंड बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कटिहार जिले में चार सौ दस करोड़ की लागत से कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री तिनगछिया स्थित बाजार समिति से कई योजनाओं का शुभारंभ करेगे। इसके बाद मुख्यमंत्री प्राणपुर प्रखंड के बड़झल्ला पंचायत से भी कई योजनाओं शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री जिले को कुल चार सौ तैंतालीस योजनाओं की सौगात देंगे। श्री कुमार बड़झल्ला पंचायत मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसको लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने अन्य राज्यों से बिहार की सीमा में प्रवेश करने वाले बालू, पत्थर और स्टोन चिप्स सहित सभी लघु खनिजों से लदे वाहनों के लिए ट्रांजिट पास लेना

अनिवार्य कर दिया है। उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भू–तत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा के निर्देश पर यह व्यवस्था लागू की गयी है। श्री सिन्हा ने बताया कि इस व्यवस्था के तहत अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले सभी वाहनों को राज्य की सीमा में प्रवेश करते समय ट्रांजिट पास दिखाना जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए राज्य की सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, दो हजार के तहत टेलीग्राम प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी कर अपने एप्लिकेशन से पायरेटेड सामग्री हटाने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने नोटिस में एप्लिकेशन को संबंधित टेलीग्राम चैनलों को हटाने और उन तक पहुंच बंद करने को कहा है। मंत्रालय ने प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वह नोटिस जारी होने के तीन घंटे के भीतर, बिना किसी भी तरह के सबूतों को नष्ट किए, ग्यारह सौ से अधिक पायरेटेड सामग्री वाले इकत्तीस सौ से अधिक टेलीग्राम चैनलों को हटा दे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस किस्त के तहत देशभर के नौ करोड़ बत्तीस लाख से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण यानि डीबीटी के माध्यम से अठारह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि इससे प्रदेश के तिहत्तर लाख से अधिक किसान लाभांवित होंगे।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। आज सुबह पटना समेत आस–पास के कई जिलों में हल्की बारिश के समाचार है। मौसम विभाग के अनुसार आज पटना समेत पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, शेष स्थानों पर बादल छाये रहेंगे। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौंतीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

बिहार की पांच सीटों के लिये होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से बैठकों का दौर जारी है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय शर्मा और हर्ष मल्होत्रा आज पटना में इस संबंध में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगें। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि चुनाव में सभी पांच सीटों पर एनडीए जीत दर्ज करेगा। इससे पहले कल एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। बैठक के बाद श्री इमान ने बताया कि बैठक सकारात्मक रही है।

———————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एक अप्रैल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित तकनीक का उपयोग करेगा। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियो को पत्र लिखा है। इसमें केंद्र सरकार के इंडिया एआइ मिशन के माध्यम से निर्णय प्रक्रिया को बेहतर बनाने, लोक सेवाओं का आटोमेशन बढ़ाने तथा कमियों और संभावित धोखाधड़ी की पहचान करने जैसे कार्यों को तकनीक के माध्यम से मजबूत किया जायेगा।

———————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज से पन्द्रह मार्च तक राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकी मेला का आयोजन किया जायेगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव मेले का उद्घाटन करेंगे। चार दिवसीय इस मेले में किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी जायेगी। साथ ही प्रदेश के सभी कृषि महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को भी आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी के लिए इस मेले का भ्रमण कराया जायेगा। एग्रो बिहार की ओर से आयोजित मेले में कृषि यत्रों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी।

———————————————————————————

पंचायती राज विभाग ने ग्रामीण इलाकों में लोगों का आधार कार्ड तैयार कराने या उसका नवीनीकरण कराने के संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं। निर्देश के अनुसार पहले चरण में यह सेवा दो हजार ग्राम पंचायतों में शुरू की जायेगी।

———————————————————————————

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा पासपोर्ट अदालत का आयोजन किया गया। आरपीओ पटना परिसर में आयोजित इस अदालत में छह महीने से अधिक समय से लम्बित मामलों का निपटारा किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी स्वधा रिजवी ने

बताया कि अदालत में नब्बे आवेदन आये जिसमें से पचास का निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों का जल्द ही निपटारा कर दिया जायेगा।

———————————————————————————

नशा मुक्त समाज के लिये पन्द्रह मार्च को पटना में मैराथन का आयोजन किया जायेगा। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से आयोजित इस मैराथन में ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु भी शामिल होंगी।

———————————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड स्थित बाउंसी थाना क्षेत्र के पूर्णिया मार्ग पर पावर स्टेशन के पास एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में कार सवार तीन महिला गंभीर रूप से घायल हुई हैं।

———————————————————————————

सुपौल जिले में एसएसबी वीरपुर की टीम ने सीमा चौकी के पास नेपाली मुद्रा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति को भीमनगर कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया गया है।

———————————————————————————

सुपौल के बीरपुर हवाई अड्डे के विकास और उन्नयन के लिए छत्तीस करोड़ अड़तीस लाख रूपये की निविदा प्रकाशित की गयी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके तहत आधुनिक टर्मिनल भवन, एटीसी टावर और फायर स्टेशन समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए पन्द्रह महीने का समय निर्धारित किया गया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– केन्द्र सरकार ने कहा– रिफायनरियों ने उत्पादन में पच्चीस प्रतिशत तक बढ़ोतरी की। हालात संभालने को गैस का उत्पादन और बढ़ाया।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान के हवाले से लिखा है– रसोई गैस आपूर्ति पर सत्यापित जानकारी ही साझा करें। घबराये नहीं, अफवाहों पर मत दे ध्यान।

प्रभात खबर लिखता है– पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की आंच भारत तक पहुंची। भारत आ रहे थाई जहाज पर हमले में दो भारतीयों की मौत।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– विपक्ष की नारेबाजी के बीच स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव खारिज।.

राष्ट्रीय सागर और आज अखबार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार के कारगर प्रयासों से भारत में एलपीजी उत्पादन पच्चीस प्रतिशत बढ़ा।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान आज पूर्णिया और कटिहार जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

03. राज्य सरकार ने अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले वाहनों के लिए ट्रांजिट पास अनिवार्य किया।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल और किशनगंज समेत आस–पास के जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।